एनडी/गेल/एसईसीटीटी/2016 अगस्त 30, 2016

लिस्टिंग विभाग
बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड
पहली मंजिल, पी.जे. टॉवर, दलाल स्ट्रीट
<u>मुंबई-400 001</u>

प्रिय महोदय,

गेल द्वारा “जिमनास्टिक हेतु अस्मिता को वित्तीय सहायता ” पर प्रेस विज्ञप्ति की संलग्न प्रति प्राप्त करें।

आपकी जानकारी एवं रिकॉर्ड हेतु।

सधन्यवाद,

भवदीय,

हस्ता.
(ए. के. झा)
कंपनी सचिव

संलग्नक : उपर्युक्तानुसार

<u>प्रति</u> :

1. लिस्टिंग विभाग,
   नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
   एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल,
   प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
   बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400051

2. ड्यूश-बैंक एजी, फिलीअले मुंबई
   टीएसएस एवं ग्लोबल इक्विटी सेवाएं,
   द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
   सी-70, जी ब्लॉक,
   बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
   मुंबई-400051

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

जिमनास्टिक हेतु अस्मिता को गेल द्वारा वित्तीय सहायता

नई दिल्ली, अगस्त 29, 2016 : अगरतला, त्रिपुरा से अगली उदीयमान जिमनास्ट अस्मिता को वित्तीय सहायता की मांग पर गेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 2,00,000/- रुपए के अनुदान और अगले दो वर्ष हेतु 20,000/- रुपए प्रतिमास की दर से स्कॉलरशिप की घोषणा की है ताकि अस्मिता अपने प्रशिक्षण और पोषक तत्वों की आवश्यकता को पूरा कर सके । अग्रणी मीडिया चैनल द्वारा आज अस्मिता की कहानी दिखाई गई जिसमें उसकी गरीबी की पृष्ठभूमि के बावजूद उसके दृढ़ संकल्प और महिमा को दिखाया गया था ।

अस्मिता के पिता अगरतला में दिहाड़ी पर काम करते हैं और उनकी मां घरेलू सहायिका हैं और एक तंग घर में रहती है । लेकिन उसने विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए राष्ट्रीय टीम में स्थान बनाया और तुर्की में विश्व स्कूल चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया ।

अस्मिता को भारत की अगली दीपा करमाकर के रूप में देखा जाता है । 15 वर्षीय अस्मिता अपनी आदर्श दीपा की भांति ओलंपिक स्वर्ण मेडल का सपना संजोए हुए हैं ।